**अग्रवाल कॉलेज में चल रहे रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में महिला सुरक्षा विषय पर चर्चा**

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी , हरियाणा स्टेट ब्रांच , चंडीगढ़ के सौजन्य से अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर चल रहा है , यह शिविर 22 से 26 अप्रैल, 2025 तक चलेगा । शिविर के आयोजन का श्रेय अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष व अग्रवाल कॉलेज के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता व महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता जी को जाता है , उनका उद्देश्य समाज में फैल रही , बीमारियों व कुरीतियों के लिए युवा विद्यार्थियों को जागरूक करना है ताकि युवा सामाजिक कल्याण में अपनी महत्व्पूर्ण भूमिका निभा सके क्योंकि युवा शक्ति से ओत–प्रोत होते हैं और क्यों न उनकी शक्ति का सदुपयोग कर सके । गौरतलब है कि इस शिविर में जिला फरीदाबाद के रेड क्रॉस के सचिव श्री बिजेंद्र सिंह सोरोत , जिला प्रशिक्षण अधिकारी श्री इशांक कौशिक व डिप्टी सुप्रिटेंडेंट श्री पुरुषोत्तम सैनी जी अपना संपूर्ण योगदान दे रहे है । आज दिनांक 24 अप्रैल 2025 को शिविर के तीसरे दिन रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य व प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षक श्री दर्शन भाटिया जी ने रक्तदान के लाभों, महिला सुरक्षा व उसके हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया । स्वयंसेवकों को वीडियो के माध्यम से बताया कि कैसेहरियाणा रेड क्रॉस व फरीदाबाद रेड क्रॉस समाज कल्याण के कार्यों जैसे बहरों व गूंगों के लिए सुनने व बोलने के उपकरणों का वितरण, वृद्धाश्रम, रेनबसेरों व जरूरतमंदों को खाने व दवाई सामग्री आदि के वितरण के द्वारा सर जीन हेनरी ड्यूनांट के सपने को साकार करने में पूरी टीम प्रयासरत है । रेड क्रॉस से आए श्री सुशील कुमार , प्रोजेक्ट मैनेजर ने एचआईवी एड्स के कारणों , लक्षणों, उपचार व भ्रांतियों आदि के बारे में व कैसे एक गलती के कारण पूरे परिवार दुख के सागर में डूब जाता है जैसी महत्पूर्ण बातों से स्वयंसेवकों को लाभान्वित किया । शिविर में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस जो कि 24 अप्रैल को मनाया जाता है के अवसर पर लघुनाटिका के द्वारा स्वयंसेवकों को जागरूक किया। शिविर में फरीदाबाद जिले के लगभग 50 स्वयंसेवक व काउंसलर भाग ले रहे हैं ।इतिहास विषय के विभागाध्यक्ष, यूथ रेड क्रॉस के पूर्व कोऑर्डिनेटर वकॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ०जयपाल सिंह जी ने शिविर का औपचारिक निरीक्षण किया । इस अवसर पर कैंप कोऑर्डिनेटर श्रीमती पूजा ,श्री सुभाष,श्री लवकेश व अग्रवाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की काउंसलर कविता अहलावत आदि उपस्थित रहे।